>

Title: Need to undertake construction of roads under Central Road Fund in Dewas Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): मेरे संसदीय क्षेत्र देवास (म.प्र.) में विगत 2-3 वर्ष पूर्व केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि मद से लगभग 8-9 सड़कें मंजूर की गई थी, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा देवास जिले और शाजापुर जिले के लिए स्वीकृत इन सड़कों का निर्माण न करते हुए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कर दिया गया, इसलिए मुझे इन्दौर उच्च न्यायालय में पी.आई.एल. लगानी पड़ी जिनके प्रत्युत्तर में उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश सरकार व भारत सरकार को निर्देश दिए कि इन सड़कों को पुनः स्वीकृत कर जनहित में शीघ्र निर्माण करवाया जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध है कि न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति एवं निर्देश जारी करे।